**बिहार सरकार**
**कृषि विभाग**

पत्र सं0–13 / सू0को0–03 / 10 /कृ0, पटना, दिनांक 2019

प्रेषक,

**उप सचिव –सह–**
अपीलीय प्राधिकार,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **कृषि निदेशक, बिहार, पटना।**
2. **निदेशक विपणन, बि०रा०कृ०वि० पर्षद, (विघटित), पटना।**
3. **मिशन निदेशक, राज्य बागवानी मिशन, पटना।**
4. **अपर कृषि निदेशक (प्रसार), बिहार, पटना।**
5. **निदेशक, भूमि संरक्षण, बिहार, पटना।**
6. **कम्पनी सचिव, बिहार राज्य बीज निगम, पटना।**
7. **सभी संयुक्त निदेशक (शष्य), बिहार, पटना।**
8. **निदेशक प्रशासन, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर।**
9. **निदेशक प्रशासन, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर।**
10. **सभी जिला कृषि पदाधिकारी।**

विषय :– **राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में की गई अनुशंसाओं पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय से सम्बन्धित राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में की गई अनुशंसाओं के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–7631 दिनांक 06.06.2019 एवं बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान का पत्रांक 1584 दिनांक 15.11.2019 की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि अपने क्षेत्राधीन सभी लोक प्राधिकारों, लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारों से सम्बन्धित सूचना दिये गये विहित प्रपत्र में अग्रेतर कार्रवाई हेतु सीधे महानिदेशक, विपार्ड को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि इस सम्बन्ध में उनके द्वारा निर्देशिका तैयार करने की कार्रवाई शीघ्र आरम्भ की जाय।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
**उप सचिव–सह–**
अपीलीय प्राधिकार,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

C:\Users\Dell\Desktop\sec-13.docx

ज्ञापांकः– 4020 /कृ0, पटना, दिनांक 27/11/2019

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 7631 दिनांक 06.06.2019 एवं बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान का पत्रांक 1584 दिनांक 15.11.2019 अनुलग्नक सहित छायाप्रति संलग्न करते हुए सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. कृपया इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विनोद कुमार 27.11.19

**उप सचिव–सह–**
अपीलीय प्राधिकार,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

c:\users\Dell\Desktop\sec-13.docx

Tel. No. Office: 0612-2452585
Fax. No.: 0612-2452586
Email-Id-: dg@bipard.in

# बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान

वाल्मी परिसर, फुलवारी शरीफ, पटना - ८०१५०५

# Bihar Institute of Public Administration & Rural Development

Walmi Campus, Phulwari Sharif, Patna - 801505

20 NOV 2019

पत्रांक-ए.टी.आई./स्था-24/19/-1584 पटना, दिनांकः -15-11-2019

प्रेषक,

**राजेश कुमार, आई0आर0पी0एस0**
संयुक्त निदेशक

सेवा में,

**सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/सभी विभागाध्यक्ष**
**सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी।**

**विषय-राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में की गई अनुशंसाओं पर कार्रवाई के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय से संबंधित राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में की गई अनुशंसाओं के आलोक में कहना है कि सभी लोक प्राधिकारों, लोक सूचना पदाधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारों की एक विस्तृत निर्देशिका सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान एवं बिपार्ड के पर्यवेक्षण में तैयार किया जाना है।

अतः विषय से संबंधित सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक-7631, दिनांक-06.06.2019 की छाया प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि अपने क्षेत्राधीन सभी लोक प्राधिकारों, लोक सूचना पदाधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारों से संबंधित सूचना विहित प्रपत्र में अग्रेतर कार्रवाई हेतु महानिदेशक, बिपार्ड को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि इस संबंध में एक विस्तृत निर्देशिका तैयार करने की कार्रवाई शीघ्र आरम्भ की जाय।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक-यथा उपर्युक्त।

(राजेश कुमार)
संयुक्त निदेशक

पत्रांक–21 / रा॰सू॰आ॰–22 / 2013,सा॰प्र॰ 7631 /

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

शिवमहादेव प्रसाद,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव /
प्रधान सचिव / सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमण्डलीय आयुक्त /
सभी जिला पदाधिकारी।

पटना–15, दिनांक 6-6-19

**विषयः–** **राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में की गई अनुशंसाओं पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय से संबंधित राज्य सूचना आयोग, बिहार, पटना द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में की गई अनुशंसाओं के आलोक में कहना है कि सभी लोक प्राधिकारों, लोक सूचना पदाधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारों की एक विस्तृत निर्देशिका सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान एवं बिपार्ड के पर्यवेक्षण में तैयार किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि अपने क्षेत्राधीन सभी लोक प्राधिकारों, लोक सूचना पदाधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारों से संबंधित सूचना विहित प्रपत्र में अग्रेतर कार्रवाई हेतु महानिदेशक, बिपार्ड को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

कृपया इसे प्राथमिकता दी जाय।

**अनु॰:– यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

6.6.19

**(शिवमहादेव प्रसाद)**
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–21 / रा॰सू॰आ॰–22 / 2013, सा॰प्र॰ 7631 / पटना– 15, दिनांक 6-6-19

**प्रतिलिपि**–महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, वाल्मी परिसर, फुलवारीशरीफ, पटना को इस अनुरोध के साथ प्रेषित किया जाता है कि सभी लोक प्राधिकारों, लोक सूचना पदाधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारियों की एक विस्तृत निर्देशिका तैयार करने की कार्रवाई शीघ्र आरम्भ की जाय।

6.6.19

सरकार के अवर सचिव।

लोक प्राधिकारों, लोक सूचना पदाधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारों की विस्तृत निर्देशिका से संबंधित सूचनाः—

| | विभाग / कार्यालय का नाम | लोक प्राधिकार का नाम / पदनाम एवं विभागीय पता दूरभाष / मोबाईल / फैक्स / ई—मेल संख्या | लोक सूचना पदाधिकारी का नाम / पदनाम एवं विभागीय पता दूरभाष / मोबाईल / फैक्स / ई—मेल संख्या | प्रथम अपीलीय प्राधिकार का नाम / पदनाम एवं विभागीय पता दूरभाष / मोबाईल / फैक्स / ई—मेल, संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |